Established - 1957
असतो मा सद्गमय

UNIVERSITY RAJASTHAN COLLEGE, JAIPUR-302004

(College with Potential for Excellence)

Phone: 91-141-2710565; **Fax:** 91-141-2703655;

No. URCJ/2015/ Dated : 02.07.2015

श्रीमान् प्रकाशक महोदय
सादर प्रकाशनार्थ

प्रेस नोट

राजस्थान कॉलेज के सत्र 2015–2016 के प्रथम वर्ष कला की द्वितीय प्रवेश सूची जारी तथा विद्यार्थियों के मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से सूचित कर दिया गया।

जयपुर। राजस्थान कॉलेज में प्रथम वर्ष कला की प्रवेश सूची दिनांक 02.07.2015 को जारी की गई। दिनांक 02.07.2015 तक प्रथम सूची के 217 छात्रों ने प्रवेश भी प्राप्त किया। प्रथम वर्ष कला की द्वितीय प्रवेश सूची की परसेन्टाइल के कट ऑफ के अन्तर्गत सामान्य वर्ग में 98.00, अन्य पिछड़ा वर्ग की 98.12, अनुसूचित जाति में 94.60, अनुसूचित जनजाति में 98.00, विशेष पिछड़ा वर्ग में 98.07 रही है। द्वितीय सूची के विद्यार्थियों की प्रवेश की अन्तिम तिथि 08.07.2015 होगी तत्पश्चात् दिनांक 09.07.2015 को यदि आवश्यक हुआ तो तृतीय प्रवेश सूची जारी की जाएगी। **प्रवेश समिति के संयोजक डॉ. आई.यू. खान** ने बताया कि अब तक प्रथम सूची के 217 छात्र प्रवेश प्राप्त कर चुके हैं। भूगोल विषय के दो सेक्शन तथा राजनीति विज्ञान विषय के तीन सेक्शन भर चुके हैं। प्रवेश प्रक्रिया का समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। विद्यार्थी अपनी मूल अंक तालिका, स्थानान्तरण प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, तथा एन्टी रैगिंग शपथ पत्र प्रवेश के समय प्रवेश समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगें तदुपरान्त प्रवेश शुल्क चालान लेकर आई सी आई सी आई बैंक के काउन्टर पर नकद जमा करवा कर प्रवेश निश्चित करेंगें।

उपरोक्त सूचना कॉलेज की वेबसाइट www.universityrajasthancollege.ac.in एवं राजस्थान विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uniraj.ac.in पर भी देख सकते हैं।

राजस्थान कॉलेज के प्राचार्य प्रो. जगदीश प्रसाद ने बताया कि कॉलेज की प्रवेश सूची में आने वाले विद्यार्थियों को उनकी सुविधा के लिये उनके मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से सूचना भेज दी गई है।

प्रथम वर्ष के सामान्य वर्ग का शुल्क रु. 4,220 तथा प्रायोगिक परीक्षा वालों के लिये रु. 5,420, अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष वर्ग जिनके संरक्षक आयकरदाता नहीं हैं, उनका शुल्क रु. 2,920 तथा प्रायोगिक परीक्षा सहित रु. 4,320 है। राजस्थान बोर्ड के अतिरिक्त अन्य बोर्डों के विद्यार्थियों को योग्यता शुल्क रूप में रु. 200 अतिरिक्त देने होंगे। उपर्यक्त शुल्क में परीक्षा शुल्क भी सम्मिलित है।

प्राचार्य
राजस्थान महाविद्यालय, जयपुर

UNIVERSITY RAJASTHAN COLLEGE,
JAIPUR-302004
(College with Potential for Excellence)
Phone: 91-141-2710565; **Fax:** 91-141-2703655;

No. URCJ/2015/ Dated : 02.07.2015

श्रीमान् प्रकाशक महोदय
सादर प्रकाशनार्थ

प्रेस नोट

राजस्थान कॉलेज में तीन नये उप–प्राचार्य की नियुक्ति

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति श्री हनुमान सिंह भाटी ने राजस्थान महाविद्यालय में तीन नये उप–प्राचार्य नियुक्त किये हैं। **महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जगदीश प्रसाद** ने बताया कि तीनों नवनियुक्त **उप–प्राचार्य डॉ. ओ.पी. वर्मा**, एसोसिएट प्रोफेसर, लोक प्रशासन विभाग, **डॉ. आर.एन. शर्मा**, एसोसिएट प्रोफेसर भूगोल विभाग तथा **डॉ. एस.के. गुप्ता**, एसोसिएट प्रोफेसर सांख्यिकी विभाग ने अपना कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है।

प्राचार्य
राजस्थान महाविद्यालय, जयपुर

डॉ. ओ.पी. वर्मा

डॉ. एस.के. गुप्ता